**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 172**

**03 मार्च, 2020 को उत्तरार्थ**

**विषय: अरहर का उत्पादन**

**172. श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डीः**

**श्री बंदी संजय कुमारः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगेकिः**

(क) क्या केन्द्र सरकार को देश में विशेषकर तेलंगाना राज्य मेंइस वर्ष अरहर (पिजन पी) केकाफी अधिक उत्पादन की जानकारीहै;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) नैफेड अथवा किसी अन्य सरकारी एजेंसी के माध्यम सेअरहर की खरीद करने हेतु क्याउपाय किये जाने पर विचार किया जारहा है;

(घ) क्या तेलंगाना राज्य में उत्पादित अधिशेष अरहर की खरीदके लिये राज्य सरकार से कोईअनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्याकार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री)**

**(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)**

**(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

**"अरहर का उत्पादन" के संबंध में दिनांक 03.03.2020 को देय लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 172* के उत्तर के भाग (क) से (ड़) के संबंध में उल्लिखित विवरण।**

(क) तथा (ख):वर्ष 2019-20दूसरे अग्रिम अनुमानों  के अनुसार, तेलंगाना सहित देश में अरहर (तूर) का कुल उत्पादन 36.90 लाख टन अनुमानित है। तेलंगाना राज्य में अरहर का उत्पादन 2.07 लाख टन अनुमानित हैं।

(ग) से (ड़): सरकार समग्र योजना "प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)" के तहत अरहर सहित दलहनों और तिलहनों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) को कार्यान्वित कर रही है। पीएसएस योजना के तहत, निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकारी एजेंसियां उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) के दलहनों और तिलहनों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों सेखरीद संबंधित राज्य सरकारों केपरामर्शसेकरती है जब इन उत्पादों के बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे गिर जाते है। इसके अलावा, सरकार ने वर्ष 2018-19 मौसम के लिए अरहर (तूर) के एमएसपी में 5675 रू. प्रति क्विंटल में बढ़ोत्तरी करके वर्ष 2019-20 मौसम हेतु इसे 5800 रू. प्रति क्विंटल किया है।

खरीफ मौसम 2019-20 के दौरान, तेलंगाना सहितविभिन्न अरहर (तूर) उत्पादक राज्यों से पीएसएस योजना के तहत इसकी खरीद के लिए प्रस्ताव/अनुरोध प्राप्त हुए। तदनुसार, इस विभाग ने केन्द्रीय नोडल एजेन्सियोंअर्थातभारतीय राष्ट्रीय सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) तथा भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई)को इन राज्यों में पीएएसएसयोजनाके तहत अरहर (तूर) की खरीद के लिए अनुमोदन दिया गया है।

खरीफ 2019-20 के दौरान,अरहर के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के कार्यान्वयन हेतु तेलंगाना सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर 47,500 मिट्रिक टन खरीद के लिए केंद्र सरकार का अनुमोदन जारी हुआ है, इसके विरूद्ध 22 फरवरी, 2020 को 45,500 मिट्रिक टन अरहर की खरीद की गई है। तेलंगाना में अरहर के उत्पादन के 2019-20 के दूसरे अग्रिम अनुमानों के आधार पर अनुमोदित मात्रा 47,500 मिट्रिक टन से 51,600 मिट्रिक टन बढ़ा दी गई है।

*****